No. of Printed Pages/Questions: 4 / 14

# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

## Half Yearly Examination (2019 – 2020)

**Class / Section: VII** **MM: 80**
**Subject: HINDI** **Time: 3.00 hours**
Name: ____________ Roll No.:__________

***(Fifteen Minutes Extra will be given for reading the Question Paper.)***
***General Instructions:** All questions are compulsory*

(1) इस प्रश्न पत्र में चार खण्ड हैं– 'क' , 'ख', 'ग' और 'घ' ।
(2) चारों खण्ड अनिवार्य हैं।
(3) प्रश्नों के सभी उपभागों के उत्तर क्रमशः एक साथ लिखिए।
(4) उत्तर–पुस्तिका में उत्तर के साथ वही क्रम संख्या लिखिए जो प्रश्न–पत्र में दी गई है।
(5) निर्धारित समय–सीमा 3.00 +15 घंटे हैं।

---

### (खण्ड–क)

**प्र0 1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– (1+1+2+2+2)**

सन 1953 ई0 में प्रथम बार मुझे त्रावणकोर जाते समय आंध्र, तमिलनाडु और केरल की एक झलक देखने को मिली। ग्रांट ट्रंक एक्सप्रेस रात भर मध्यप्रदेश और हैदराबाद की सीमा में दौड़ती रहती है और सबेरे विजयावाड़ा (वैजवाड़ा) पहुँचती है जो आंध्रप्रदेश का एक प्रमुख नगर है। यहीं से मुझे ऐसा लगा कि मानो किसी नई दुनिया में प्रवेश हो रहा है। समुद्र की लहरों को छू–छूकर वायु बहने लगती है और हृदय में एक अजीब उल्लास हिलोंरे लेने लगता है। कृष्णा नदी के भी दर्शन होते हैं। आंध्र के लोग तेलुगु बोलते हैं, जिसमें 77 प्रतिशत शब्द संस्कृत के होते हैं। आंध्र में हिंदी की तुलसीकृत 'रामचरितमानस' का बड़ा प्रचार है। वहाँ के सोलहवीं शताब्दी के भक्त कवि त्यागराज ने भी तुलसी का अनुकरण किया है और उनके ऋण को अपनी रचना में स्वीकार किया है।

**क)** आंध्रप्रदेश के लोग कौन–सी भाषा बोलते हैं ?
**ख)** विजयवाड़ा किस राज्य में है ?
**ग)** लेखक को त्रावणकोर जाते समय किन–किन स्थानों की झलक मिली ?
**घ)** विजयवाड़ा पहुँचते ही लेखक को क्यों लगा कि वे नई दुनिया में पहुँच गए हैं ?
**ङ)** लेखक को क्यों लगा कि आंध्रप्रदेश में लोग तुलसीदास को मानते हैं ?

**प्र0 2 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– (1+1+1+2+2)**

जिसकी रज में लोट–लोटकर बड़े हुए हैं,
घुटनों के बल सरक–सरककर खड़े हुए हैं,
परमहंस बाल्यकाल में सब सुख पाए,
जिसके कारण धूल भरे हीरे कहलाए,

हम खेले–कूदे हर्षयुत, जिसकी प्यारी गोद में
हे ! मातृभूमि, तुझको निरख मग्न क्यों न हों मोद में।
निर्मल तेरा नीर अमृत के सम उत्तम है,
शीतल मंद सुगंध पवन हर लेता श्रम है।
षट्ऋतुओं का विविध दृश्य युत अद्भुत क्रम है,
शुचि–सुधा सींचता रात में, तुझ पर चंद्रप्रकाश है,
हे ! मातृभूमि दिन में तरणि करता तम का नाश है।

क) भारत में कितनी ऋतुएँ होती हैं ?

ख) 'अमृत' का विलोम शब्द लिखिए।

ग) पद्यांश में मातृभूमि के पानी की क्या विशेषता बताई गई है ?

घ) पद्यांश में मातृभूमि के वायु की क्या विशेषता बताई गई है ?

ङ) 'हे ! मातृभूमि दिन में तरणि करता तम का नाश है।'– पंक्ति का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

## (खण्ड–ख)

**प्र0 3 नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए–** **(1X3=3)**

क) 'लघूत्तर' का संधि–विच्छेद कीजिए।

ख) 'परमात्मा' किस संधि का उदाहरण है ?

ग) 'निश्चल' का संधि–विच्छेद कर भेद लिखिए।

**प्र0 4 नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए–** **(1X4=4)**

क) 'अहंकार' शब्द के दो पर्यायवाची लिखिए।

ख) 'सेवक' शब्द के दो पर्यायवाची लिखिए।

ग) 'निर्बल' का विलोम शब्द लिखिए।

घ) 'सौभाग्य' का विलोम शब्द लिखिए।

**प्र0 5 नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए–** **(1X4=4)**

क) प्रविशेषण किसे कहते हैं ?

ख) 'श्रेष्ठ' विशेषण की उत्तरावस्था एवं उत्तमावस्था लिखिए।

ग) 'छोटा बच्चा साँप से डर गया।' इस वाक्य में कौन–सा कारक है ?

घ) 'भारती ने अपने भाई के लिए सुंदर–सी राखी खरीदी।' इस वाक्य में कौन–सा कारक है ?

**प्र0 6 नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए–** **(1X4=4)**

क) 'लोभ' संज्ञा शब्द से विशेषण बनाइए।

ख) 'विद्यार्थी चित्र बनाते हैं।' इस वाक्य का कर्मवाच्य में बदलिए।

ग) 'पक्षी आकाश में उड़ते हैं।' वाक्य में वाच्य का कौन–सा भेद है ?

घ) 'मेरे द्वारा पत्र लिखा गया।' कर्मवाच्य से कर्तृवाच्य में परिवर्तित कर पुनः लिखिए।

(खण्ड–ग)

**प्र0 7 नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** **(1+2+2)**

लाल कण बनावट में बालूशाही की तरह होते हैं। गोल और दोनों तरफ अवतल, यानी बीच में दबे हुए। रक्त की एक बूँद में इनकी संख्या लाखों में होती है। यदि हम एक मिली लीटर रक्त ले लें तो उसमें हमें चालीस से पचपन लाख कण मिलेंगे। इनके कारण ही हमें रक्त लाल रंग का नज़र आता है। ये कण शरीर के लिए दिन–रात काम करते हैं। साँस लेने पर साफ़ हवा से जो ऑक्सीज़न तुम प्राप्त करते हो उसे शरीर के हर हिस्से में पहुँचाने का काम इन कणों का है। देखने में रक्त लाल द्रव के समान दिखता है, किंतु इसे सूक्ष्मदर्शी द्वारा देखें तो यह भानुमती के पिटारे से कम नहीं।

**क)** पाठ व रचयिता का नाम लिखिए।

**ख)** लाल रक्तकणों की बनावट कैसी होती है ?

**ग)** रक्त को भानुमती का पिटारा क्यों कहा गया है ?

**प्र0 8 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–(कोई चार)** **(2X4=8)**

**क)** दादी माँ के चरित्र की कोई दो विशेषताएँ लिखिए ?

**ख)** काका कालेलकर ने नदियों को लोकमाता क्यों कहा है ?

**ग)** मिठाईवाले की वैभव–संपन्नता का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

**घ)** विजयबाबू कौन थे, वे क्यों मुस्करा दिए ?

**ङ)** माधवदास सायंकाल में प्रकृति का आनंद किस तरह लेते थे ?

**प्र0 9 नीचे दिए गए पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** **(1+2+2)**

अचानक– बोला मोर !<br>
जैसे किसी ने आवाज़ दी–<br>
'सुनते हो'।<br>
चिलम औंधी<br>
धुआँ उठा–<br>
सूरज डूबा<br>
अँधेरा छा गया।

**क)** कवि और कविता का नाम लिखिए।

**ख)** आवाज़ से चिलम क्यों औंधी हो गई ?

**ग)** चिलम के उलटने से क्या हुआ ?

**प्र0 10 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–(कोई चार)** **(2X4=8)**

**क)** पक्षियों का स्वभाव कैसा होता है ?

**ख)** 'हम पंछी उन्मुक्त गगन के' कविता से हमने क्या सीखा ?

**ग)** पक्षियों को कड़वा फल किस दशा में पसंद है ?

घ) कठपुतली के आगे–पीछे धागे क्यों होते हैं ?

ङ) कठपुतली के मन में जो इच्छा जगी वह कितनी स्वाभाविक थी ?

**प्र0 11 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** **(2X2=4)**

क) सत्यवती कौन थी ? राजा शांतनु ने उसे कहाँ देखा ?

ख) अधिरथ कौन था ? उसे बालक कर्ण किस दशा में मिला ?

**(खण्ड–घ)**

**प्र0 12 किसी विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर सारगर्भित निबंध लिखिए–** **(1X10=10)**

क) **मेरा प्रिय लेखक**

**संकेत बिंदु** जन्म, पारिवारिक परिस्थितियाँ आदि, लेखनारंभ, साहित्य में योगदान, महत्त्वपूर्ण रचनाएँ।

ख) **परोपकार**

**संकेत बिंदु** परोपकार से अभिप्राय, परोपकार सबसे बड़ा मानवीय गुण, परोपकार के कुछ उदाहरण, परोपकार की भावना का विकास, उपसंहार।

ग) **हमारा प्यारा भारत**

**संकेत बिंदु** स्वर्ग से सुंदर, प्राकृतिक सुषमा, विविधता में एकता विश्व सभ्यता का जनक, विकासशील देश, उपसंहार।

**प्र0 13 दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए–** **(1X5=5)**

अपने विद्यालय में खेलों के सामान की समुचित व्यवस्थ करवाने हेतु प्रधानाचार्य को प्रार्थना–पत्र लिखिए।

**अथवा**

बड़े भाई के विवाह हेतु तीन दिनों का अवकाश माँगते हुए प्रधानाचार्य को प्रार्थना–पत्र लिखिए।

**प्र0 14** माँ और पुत्री की अध्यापिका के बीच पुत्री की पढ़ाई को लेकर बातचीत पर संवाद लिखिए। **(1X5=5)**

**अथवा**

गृहकार्य को लेकर अध्यापक और विद्यार्थी के बीच बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए।

**–––00–––**